शेरे राजस्थान के विचार आज भी प्रसांगिक

नवज्योति/जोधपुर। जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान में रविवार को शेरे राजस्थान जयनारायण व्यास की पुण्यतिथि मनाई। मुख्यअतिथि प्रोफेसर अय्यूब खान तथा नगर निगम दक्षिण के प्रतिपक्ष नेता गणपत सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। प्रबंध समिति के श्रीकृष्ण व्यास, प्रोफेसर केएन व्यास, केसी बोहरा,जीपी व्यास तथा तीनों महाविद्यालयों के अध्यापक व छात्राएं उपस्थित रहे। महिला पीजी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनोरमा ने बताया, महाविद्यालय की छात्राओं दिव्या गज्जा, श्रेयांशी, मृणाली राठौड़, कुमारी मीना, कुमारी वर्षा और कौशिकी शर्मा ने जयनारायण व्यास के व्यक्तित्व और कृतित्व पर पत्र प्रस्तुत किए। संगीत विभाग की छात्राओं ने जयनारायण व्यास द्वारा रचित तथा डॉ. अनूपराज पुरोहित की ओर से संगीतबद्ध गीतों की प्रस्तुति दी । संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर एसपी व्यास ने कहा, जयनारायण व्यास के कार्यों व उनकी उपलब्धियों से हमें शिक्षा लेने की जरुरत है। संचालन डॉ. स्नेह लता व्यास ने किया।

लोकनायक व्यास की मनाई पुण्यतिथि

व्यास के मार्ग पर चलकर लक्ष्य करें प्राप्त

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर ◆ जय नारायण व्यास शिक्षण संस्थान में रविवार को लोक नायक जय नारायण व्यास की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो.अय्यूब खान तथा विशिष्ट अतिथि जोधपुर नगर निगम दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष गणपत सिंह चौहान थे। इस अवसर पर प्रो.अय्यूब खान ने कहा कि व्यास आम जनता के हित के लिए मर मिटने के लिए तत्पर रहते थे। इसलिए उन्हें लोकनायक कहा जाता है। व्यास गांधीवादी विचारों को प्रस्तुत करते हुए महानायक के रूप में उभर कर सामने आए। गणपत सिंह चौहान ने कहा कि व्यास के जो गीत हैं, वह हमारे जीवन की समस्याओं पर आधारित है। उनके गीत आज भी प्रासंगिक है। संगीत विभाग की छात्राओं ने जय नारायण व्यास रचित तथा डॉ.अनूप राजपुरोहित द्वारा संगीतबद्ध गीतों की प्रस्तुति दी। संस्थान के अध्यक्ष प्रो.एस पी व्यास ने कहा कि जय नारायण व्यास के कार्यों और उनकी उपलब्धियों से हमें शिक्षा प्राप्त करने की आवश्यकता है ताकि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। महिला पीजी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों की स्वयं सेविकाओं ने चांदपोल क्षेत्र में स्थित *जय नारायण व्यास की समाधि* स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही स्वच्छता कार्यक्रम के तहत परिसर की सफाई की गई। इस मौके पर महिला पीजी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.मनोरमा, प्रबंध समिति कृष्ण व्यास, प्रो.के एन व्यास,के सी बोहरा, जी पी व्यास, डॉ.भरत भट्ट, डॉ. स्नेह लता व्यास तथा अनुपराज पुरोहित समेत तीनों महाविद्यालयों के अध्यापक व छात्राएं उपस्थित रहे।